• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी •
वर्ष 23 | अंक 238 | पृष्ठ : 24+6
मूल्य : चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 6 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2082



एशेज इंग्लैंड को 5 कैच छोड़ना पड़ा भारी, ऑस्ट्रेलिया को 44 रन की बढ़त...स्पोर्ट्स




राहत

**डेवेलपर्स बोले- ईएमआई कम होने से बढ़ेगी खरीदारी, एनसीआर के रियल एस्टेट बाजार में आएगी नई जान**

## रेपो रेट कम होने से घर खरीदना आसान, रियल एस्टेट में बढ़ेगी रौनक

माई सिटी रिपोर्टर

**नोएडा।** नए साल से पहले आरबीआई का बड़ा तोहफा मिला है। रेपो रेट 5.25% होने से अब घर खरीदना आसान हुआ है। ऐसे में एनसीआर के व्यापारी और डेवलपर्स का कहना है कि ईएमआई कम होने से खरीदारी बढ़ेगी। एनसीआर के रियल एस्टेट बाजार में रौनक लौटेगी। रेपो रेट का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा, होम लोन की ईएमआई घटेगी, बैंक कम ब्याज दर पर लोन ऑफर करेंगे और घर खरीदना पहले से आसान हो जाएगा।

काउंटी ग्रुप के डायरेक्टर अमित मोदी का कहना है कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट में की गई यह कटौती एनसीआर के लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी हाउसिंग मार्केट के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। मिगसन ग्रुप के एमडी यश मिगलानी का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे, यमुना सिटी, एयरपोर्ट सिटी और ग्रेटर नोएडा जैसे उभरते क्षेत्रों में पिछले एक साल से जबरदस्त तेजी है।

ब्याज दरों में राहत का असर इन इलाकों में तुरंत दिखाई देगा। एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा का कहना है कि आरबीआई ने रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.25% कर दिया है। यह समय भी सही है क्योंकि घर खरीदने वालों का भरोसा पहले से मजबूत है।

सिक्का ग्रुप के चेयरमैन हरविंदर सिंह सिक्का का कहना है कि यह कटौती ऐसे समय में आई है जब मार्केट में खरीदारों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। ईएमआई घटने से सैलरीड क्लास और पहली बार घर खरीदने वाले परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा।

निम्बस रियल्टी के सीईओ साहिल अग्रवाल का कहना है कि बाजार को लंबे समय से ब्याज दरों में राहत की जरूरत थी। यह कटौती बिल्डर्स और खरीदार दोनों के लिए बड़ी राहत है। अंसल हाउसिंग के डायरेक्टर कुशाग्र अंसल का कहना है कि रेपो रेट में 0.25% की यह कटौती नए साल से पहले बेहद सकारात्मक संकेत है।

**रेपो रेट का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा, होम लोन की ईएमआई घटेगी**

### व्यापार में भी मिलेगा फायदा

सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इस फैसले से व्यापारी समाज को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी। ब्याज दरों में कमी से व्यापारियों का वित्तीय बोझ कम होगा।

### रेपो रेट में कमी का बिल्डरों ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा।** आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 25 बेस प्वाइंट की कटौती का स्वागत बिल्डर्स ने किया है। उनका कहना है कि इससे सीधे तौर पर होमबायर्स को घर खरीदना आसान होगा। ऐसा होमलोन की ब्याज दर कम होने और ईएमआई की धनराशि घटने की वजह से होगा। इससे रीयल एस्टेट में भी आने वाले दिनों में तेजी दिखेगी।

रेनॉक्स समूह के चेयरमैन शैलेंद्र शर्मा का कहना है कि रेपो रेट में कटौती का फैसला बाजार के लिए शानदार अवसर लेकर आया है। रियल एस्टेट में मांग पहले से मजबूत चल रही है। इसमें अब और तेजी आएगी। इस कटौती से मध्यम और लग्जरी दोनों श्रेणियों के घर खरीदारों को प्रोत्साहन मिलेगा। वहीं डिलिजेंट बिल्डर्स के सीओओ लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) अश्विनी नागपाल का कहना है कि आरबीआई के इस निर्णय से ब्याज दरों में कमी आएगी। बाजार में सकारात्मक माहौल बनेगा। रीयल एस्टेट के साथ दूसरे उद्योग को भी नई दिशा मिलेगी। ब्यूरो